**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 320**
**04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**एकीकृत वस्त्र पार्क योजना**

**320. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) के आरंभ से अब तक इसके अंतर्गत स्वीकृत/कार्यशील वस्त्र पार्कों की राज्यवार संख्या कितनी है और इन पार्कों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत प्रत्येक पार्क के लिए निर्धारित रोजगार लक्ष्यों की तुलना में सृजित रोजगार का पार्कवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बंद किए गए अथवा गैर-कार्यशील पार्कों से देय ब्याज सहित कोई लंबित धनराशि वसूल की जानी है;

(घ) यदि हां, तो इस दिशा में क्या उपाय किए जा रहे हैं और उक्त पार्कों से इस राशि की वसूली के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ङ) क्या सरकार वर्तमान में नए वस्त्र पार्कों की स्थापना हेतु प्रस्तावों को स्वीकार कर रही है अथवा वस्त्र पार्क विकास से संबंधित कोई नई योजनाएं ला रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वस्त्र राज्य मंत्री**
**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) से (ङ):** मंत्रालय वस्त्र क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, देश भर के वस्त्र केंद्रों में विश्व स्तरीय, अत्याधुनिक अवसंरचना वाले वस्त्र पार्क स्थापित करने हेतु सहायता प्रदान करने के लिए एकीकृत वस्त्र पार्क (एसआईटीपी) योजना क्रियान्वित कर रहा है। यह योजना दिनांक 31.03.2021 तक लागू थी; तथापि, अब इस योजना को वस्त्र क्लस्टर विकास योजना (टीसीडीएस) की व्यापक योजना के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है। पार्कों का राज्यवार विवरण और सृजित रोजगार का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, पार्कों की प्रगति की समीक्षा नामित परियोजना अनुमोदन समिति (पीएसी) द्वारा नियमित रूप से की जाती है, जो गैर- प्रदर्शनकारी या निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने में विफल रहने वाले किसी भी पार्क को रद्द करने के लिए सक्षम प्राधिकारी भी है। रद्द किए गए पार्कों के मामले में, जारी की गई सरकारी सहायता के हिस्से को लागू दंडात्मक ब्याज के साथ वसूल करने का आदेश दिया गया है। रद्द किए गए पार्कों से अब तक 75.46 करोड़ रुपये की राशि की वसूली की जा चुकी है।

सरकार ने वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला हेतु एकीकृत बड़े पैमाने वाली और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधा विकसित करने के लिए, वर्ष 2021-22 से वर्ष 2027-28 तक की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय वाली ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 7 साइटों अर्थात तमिलनाडु (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) को अंतिम रूप दिया है।

अनुबंध

रोजगार सृजन की संख्या सहित पूर्ण हो चुके और कार्यान्वयनाधीन पार्कों की राज्यवार सूची

| क्रम सं. | पार्क का नाम | राज्य | परियोजना लागत (करोड़ रुपए में) | भारत सरकार का स्वीकृत हिस्सा (करोड़ रुपए में) | भारत सरकार द्वारा जारी किया गया हिस्सा (करोड़ रुपए में) | प्रस्तावित रोजगार (संख्या में) | रोजगार सृजन (संख्या में) | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्रैंडिक्स इंडिया अपैरल सिटी प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 134.42 | 40.00 | 40.00 | 60,000 | 19,000 | पूरा किया गया |
| 2 | गुजरात इको टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, सूरत | गुजरात | 128.75 | 40.00 | 40.00 | 9,000 | 10,370 | पूरा किया गया |
| 3 | मुंद्रा एसईजेड टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड | गुजरात | 103.53 | 40.00 | 40.00 | 3,077 | 810 | पूरा किया गया |
| 4 | फेयरडील टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, सूरत | गुजरात | 105.63 | 40.00 | 40.00 | 2,900 | 1,850 | पूरा किया गया |
| 5 | व्रज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, अहमदाबाद | गुजरात | 105.4 | 40.00 | 40.00 | 4,500 | 4,350 | पूरा किया गया |
| 6 | सयाना टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, सूरत | गुजरात | 90.00 | 36.00 | 36.00 | 3,155 | 1,420 | पूरा किया गया |
| 7 | सूरत सुपर यार्न पार्क लिमिटेड, सूरत | गुजरात | 104.76 | 40.00 | 40.00 | 1,000 | 0 | पूरा किया गया |
| 8 | आरजेडी इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, सूरत | गुजरात | 106.5 | 40.00 | 40.00 | 4,270 | 7,220 | पूरा किया गया |
| 9 | अमितारा ग्रीन हाई टेक टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | गुजरात | 103.4 | 40.00 | 40.00 | 2,580 | 1,360 | पूरा किया गया |
| 10 | डोड्डाबलापुर एकीकृत वस्त्र पार्क | कर्नाटक | 80.25 | 32.01 | 32.01 | 2,000 | 550 | पूरा किया गया |
| 11 | मेट्रो हाई-टेक कोऑपरेटिव पार्क लिमिटेड | महाराष्ट्र | 100.80 | 40.00 | 40.00 | 6,500 | 2,024 | पूरा किया गया |
| 12 | बारामती हाई टेक टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | महाराष्ट्र | 108.52 | 40.00 | 40.00 | 5,000 | 3,000 | पूरा किया गया |
| 13 | दीसन इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्राइवेट लिमिटेड. | महाराष्ट्र | 103.12 | 40.00 | 40.00 | 1,500 | 1,700 | पूरा किया गया |
| 14 | इस्लामपुर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | 102.39 | 40.00 | 40.00 | 10,000 | 1,645 | पूरा किया गया |
| 15 | लातूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | 102.61 | 40.00 | 40.00 | 10,000 | 0 | पूरा किया गया |
| 16 | असमीता इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | 277.69 | 40.00 | 40.00 | 9,565 | 17,300 | पूरा किया गया |
| 17 | प्राइड इंडिया कोऑपरेटिव टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | महाराष्ट्र | 58.19 | 20.95 | 20.95 | 12,500 | 8,525 | पूरा किया गया |
| 18 | हिंगणघाट टेक्सटाइल पार्क | महाराष्ट्र | 108.38 | 40.00 | 40.00 | 1,015 | 1,022 | पूरा किया गया |
| 19 | लोटस इंटीग्रेटेड टेक्स पार्क | पंजाब | 108.52 | 40.00 | 40.00 | 2,400 | 1,500 | पूरा किया गया |
| 20 | रिदम टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड | पंजाब | 91.40 | 36.56 | 36.00 | 8,000 | 1,875 | पूरा किया गया |
| 21 | लुधियाना इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | पंजाब | 116.19 | 40.00 | 36.00 | 20,000 | 2,790 | पूरा किया गया |
| 22 | नेक्स्ट जेन टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, पाली | राजस्थान | 101.40 | 40.00 | 40.00 | 9,450 | 4,910 | पूरा किया गया |
| 23 | किशनगढ़ हाई-टेक | राजस्थान | 110.58 | 40.00 | 36.00 | 2,175 | 812 | पूरा किया गया |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | टेक्सटाइल वीविंग पार्क लिमिटेड | | | | | | | |
| 24 | जयपुर इंटीग्रेटेड टेक्सक्राफ्ट पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | 60.15 | 24.06 | 24.06 | 4,400 | 500 | पूरा किया गया |
| 25 | पल्लदम हाई-टेक वीविंग पार्क, पल्लदम | तमिलनाडु | 55.42 | 22.17 | 22.17 | 2,500 | 2,650 | पूरा किया गया |
| 26 | कोमारपालयम हाई-टेक वीविंग पार्क | तमिलनाडु | 31.33 | 12.53 | 12.54 | 1,500 | 853 | पूरा किया गया |
| 27 | करूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, करूर पार्क | तमिलनाडु | 116.1 | 40.00 | 40.00 | 3,000 | 5,000 | पूरा किया गया |
| 28 | मदुरै इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | तमिलनाडु | 87.30 | 34.92 | 31.43 | 2,500 | 2,551 | पूरा किया गया |
| 29 | पोचमपल्ली हैंडलूम पार्क लिमिटेड | तेलंगाना | 34.00 | 13.60 | 13.60 | 5,550 | 350 | पूरा किया गया |
| 30 | हिमाचल टेक्सटाइल पार्क | हिमाचल | 96.9 | 38.76 | 34.88 | 2,200 | 1,456 | पूरा किया गया |
| 31 | हिंदूपुर व्यापार अपैरल पार्क लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 102.27 | 40.00 | 24.00 | 10,275 | 500 | कार्यान्वियनाधीन |
| 32 | तारकेश्वर टेक्सटाइल पार्क | आंध्र प्रदेश | 103.44 | 40.00 | 20.00 | 2,199 | 465 | कार्यान्वियनाधीन |
| 33 | गुंटूर टेक्सटाइल पार्क, गुंटूर | आंध्र प्रदेश | 105.12 | 40.00 | 30.00 | 2,960 | 640 | कार्यान्वियनाधीन |
| 34 | प्राग ज्योति टेक्सटाइल पार्क, दरांग | असम | 47.25 | 40.00 | 20.00 | 2,603 | 0 | कार्यान्वियनाधीन |
| 35 | केजरीवाल एकीकृत टेक्सटाइल पार्क | गुजरात | 105.79 | 40.00 | 36.00 | 4,454 | 1,982 | कार्यान्वियनाधीन |
| 36 | पलसाना आईटीपी पार्क, सूरत | गुजरात | 103.36 | 40.00 | 30.00 | 4,205 | 326 | कार्यान्वियनाधीन |
| 37 | इच्छापोर टेक्सटाइल पार्क, सूरत | गुजरात | 104.65 | 40.00 | 20.00 | 1,955 | 80 | कार्यान्वियनाधीन |
| 38 | करंज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क | गुजरात | 104.95 | 40.00 | 20.00 | 885 | 839 | कार्यान्वियनाधीन |
| 39 | शाहलोन टेक्सटाइल पार्क | गुजरात | 103.93 | 40.00 | 10.00 | 1,865 | 110 | कार्यान्वियनाधीन |
| 40 | जम्मू-कश्मीर टेक्सटाइल पार्क, कठुआ | जम्मू और कश्मीर | 44.11 | 39.70 | 35.73 | 2,508 | 45 | कार्यान्वियनाधीन |
| 41 | पूर्णा ग्लोबल टेक्सटाइल्स पार्क | महाराष्ट्र | 107.29 | 40.00 | 22.03 | 2,000 | 1,108 | कार्यान्वियनाधीन |
| 42 | कलप्पना अवाडे टेक्सटाइल पार्क | महाराष्ट्र | 76.31 | 30.52 | 27.47 | 890 | 2,923 | कार्यान्वियनाधीन |
| 43 | सत्यराज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क | महाराष्ट्र | 104.49 | 40.00 | 35.00 | 2,541 | 1,732 | कार्यान्वियनाधीन |
| 44 | श्री गणेश टेक्सटाइल पार्क | महाराष्ट्र | 104.03 | 40.00 | 15.00 | 1,044 | 35 | कार्यान्वियनाधीन |
| 45 | पेरारिग्नार अन्ना हैंडलूम सिल्क पार्क | तमिलनाडु | 82.56 | 33.02 | 9.91 | 7,000 | 812 | कार्यान्वियनाधीन |
| 46 | पल्लवड़ा टेक्सटाइल पार्क | तमिलनाडु | 106.58 | 40.00 | 10.00 | 6,500 | 825 | कार्यान्वियनाधीन |
| 47 | द ग्रेट इंडियन लिनन एंड टेक्सटाइल | तमिलनाडु | 104.29 | 40.00 | 12.00 | 7,500 | 170 | कार्यान्वियनाधीन |
| 48 | व्हाइट गोल्ड टेक्सटाइल पार्क | तेलंगाना | 90.24 | 36.09 | 32.48 | 3,500 | 675 | कार्यान्वियनाधीन |
| 49 | ईआईजीएमईएफ अपैरल पार्क लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | 107.55 | 40.00 | 31.61 | 7,600 | 0 | कार्यान्वियनाधीन |
| 50 | पश्चिम बंगाल होजरी टेक्सटाइल पार्क, हावड़ा | पश्चिम बंगाल | 70.14 | 28.06 | 25.25 | 15,000 | 1,970 | कार्यान्वियनाधीन |

* कार्यान्वियनाधीन पार्कों के संबंध में, वास्तविक रोजगार की पुष्टि पार्कों के पूरा हो जाने के बाद की जाएगी।

****